दीपावली पर दीपों की रोशनी से जगमगाया शहर

बगहा (आससे)। बगहा में दीपावली का पर्व पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।शाम होते ही पूरा शहर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।लोगों ने अपने घरों,दुकानों और प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी लाइटों,दीपों और रंगोली से सजाया।बाजारों में दिनभर खरीदारी को लेकर काफी चहल-पहल देखी गई। लोगो ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।बच्चों और युवाओं में पटाखों को लेकर खास उत्साह देखा गया।हालांकि इस बार कई लोगों ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कम पटाखे जलाने और दीपों से दीपावली मनाने पर जोर दिया।बगहा के मुख्य चौक-चौराहों,मंदिरों और सार्वजनिक



स्थलों पर भी भव्य सजावट की गई थी। देर रात तक लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां मनाते नजर आए।सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

दीपावली पर्व की रात लगी अचानक आग में तीन जले

चौतरवा (आससे)। बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दीपों के पर्व दिवाली की रात बड़ा लगुनहा के वार्ड संख्या-9 में एक दर्दनाक अगलगी की घटना सामने आई। जमुना बीन के घर में अचानक आग लगने से घर जलकर बुरी तरह राख हो गया। इस हादसे में तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। घर से आग की ऊंची लपटें उठती देख पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने और घायलों को बचाने का प्रयास किया। इसी बीच डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार का हाल जाने और स्थिति का जायजा लेने के लिए बगहा-1 प्रखंड के अंचलाधिकारी, मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा सहित संबंधित कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

दिवाली की रात जब लोग अपने घरों में दीप जलाकर खुशियां मना रहे थे, उसी समय जमुना बीन के परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। आग से घर जलने मे परिवार के सामने रहने और जीवन यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों और संपत्ति के नुकसान का आधिकारिक आकलन सामने नहीं आया है।

छठ घाटों से भी गूंजेगा नशामुक्ति का संदेश

नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी जरूरी : डीएम

बेतिया। जिले में नशामुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने तथा आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने, विभिन्न माध्यमों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि नशामुक्ति केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प है। इसके लिए आवश्यक है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशे के दुष्परिणामों का संदेश पहुंचाया जाए तथा अधिकाधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में संचालित नशामुक्ति संबंधी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक गति एवं प्रभावशीलता के साथ आयोजित किया जाए। महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों का फेसबुक लाइव भी कराया जाए, ताकि कार्यक्रमों का संदेश अधिकाधिक लोगों तक पहुंच सके। साथ ही, प्रस्तावित कार्यक्रमों की तिथियों का पूर्व से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन की अधिकाधिक भागीदारी हो सके। जिला पदाधिकारी ने छठ महापर्व के अवसर पर घाटों पर भी नशामुक्ति अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर फ्लैक्स, बैनर, स्टैंडी सहित अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए नशामुक्ति का संदेश प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए, ताकि पर्व में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों तक यह संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे। बैठक में अधीक्षक, मद्य निषेध श्रीमती सीमा चैरसिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अमित राज, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बाइक की टक्कर से 66 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत

बैरिया (आससे)। श्रीनगर थाना क्षेत्र के बगही बघम्बरपुर पंचायत के वार्ड नंबर-8 में बाइक की टक्कर से घायल 66 वर्षीय वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान छोड़ू मियां की पत्नी खैरून खातून के रूप में हुई है। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतका के छोटे पुत्र दिल मोहम्मद मियां (21) ने बताया कि बीते 6 नवंबर 2026 को उनकी मां घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान से सामान खरीदने जा रही थीं। इसी दौरान एक एसपी शाइन बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजन आनन-फानन में उन्हें बेतिया के एक निजी क्लीनिक में ले गए। वहां से बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया, जहां सोमवार की सुबह 9 नवंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के तीन पुत्र और छह पुत्रियां हैं। घटना से परिवार में शोक का माहौल है। इस संबंध में श्रीनगर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली हर्षोल्लास सम्पन्न

सिकटा (संवाद सूत्र)। दीपों का महापर्व दीपावली रविवार को प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। पर्व को लेकर पूरे इलाके में उत्सवी माहौल रहा। सुबह से ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई व सजावट शुरू हो गई थी। शाम होते ही गांव से लेकर बाजार तक दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। लोगों ने घरों के आंगन व दरवाजों पर आकर्षक रंगोली बनाकर मिट्टी के दीये और रंगीन झालरें सजाईं। इसके बाद मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। सिकटा बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मिठाई, फल, पूजा सामग्री और सजावटी सामान की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल रही।

खोतहवा पंचायत में लक्ष्मी पूजा पर 50 युवाओं को मिला ट्रैक सूट

मधुबनी (पश्चिम चंपारण)। प्रखंड के खोतहवा पंचायत अंतर्गत देवीपुर गांव में दीपावली के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजा एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खोतहवा पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी मनोज साह ने फीता काटकर किया। पूजा को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए।इस अवसर पर पूजा समिति से जुड़े करीब 50 युवाओं के बीच मनोज साह ने ट्रैक सूट का वितरण किया। उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पूजा समिति के सदस्यों



एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया।आयोजन में गांव के राजन साहनी,अवधेश साहनी, ढोड़ा साहनी, धीरज साहनी एवं केशवनंद दुबे सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे.पूजा-अर्चना के दौरान क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

शौच करने गयी किशोरी के साथ जबरिया बोलेरो में बैठाने का प्रयास

पीड़िता के बयान पर तीन नामजद

नौतन। थाना क्षेत्र के एक गांव में दिपावली की देर शाम करीब आठ बजे घर से शौच के लिए निकली बारह वर्षीय किशोरी का अपहरण कर उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला आया है। किशोरी के ब्यान पर पुलिस ने कांड अंकित कर लिया है। किशोरी ने पुरन्दरपुर गांव के राके श चौधरी,मंगल चौधरी व नरेश चौधरी को नामजद किया है। पुलिस को बताया कि रविवार की देर शाम वह अपने घर से शौच के लिए नकली। तभी नामजद एक बोलेरो से आए तथा जबरदस्ती किशोरी को पकड़ कर बोलेरो मे बैठा कर भागने लगे। तभी किशोरी ने शोर मचाया। जहां किशोरी की चाची व आस पास के लोग पिछा करना शुरू किया। युवक किशोरी के साथ छेड़खानी कर कुछ दुर पर उसे छोड़ फरार हो गये। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने किशोरी को मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेज दिया है।वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।

गोड़िया पट्टी घाट पर बनेगा चचरी पुल

छठव्रती दो तटों से दे सकेंगे भगवान सूर्य को अर्घ्य

बगहा (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर बगहा के गोड़िया पट्टी छठ घाट पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष गोड़िया पट्टी छठ घाट को ऐतिहासिक और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है। छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाट पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में वार्ड संख्या 25 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह छठ घाट पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि नदी के किनारे पानी कम होने के बावजूद छठ व्रतियों की सुविधा के लिए चचरी पुल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस चचरी पुल के सहारे छठ व्रती नदी के एक तट से दूसरे तट तक पहुंच सकेंगे और सकेंगे। राहुल सिंह ने कहा कि छठ




दोनों ओर से भगवान भास्कर को सुबह और शाम का अर्घ्य अर्पित कर महापर्व को लेकर घाट को आकर्षक बनाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पूजा समिति और स्थानीय लोगों के सहयोग से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गांव के पुजारी चौधरी, रमाकांत शाह, मुकेश कुशवाहा, राजेंद्र चौधरी, रिपु यादव, रामभु गॉड, विश्वनाथ शर्मा, नीरज सिंह, कृष्णा कुमार और महेश प्रसाद के योगदान की सराहना की। स्थानीय लोगों और पूजा समिति के सामूहिक प्रयास से गोड़िया पट्टी छठ घाट पर इस वर्ष छठ पूजा को यादगार बनाने की तैयारी है। अब श्रद्धालुओं को छठ महापर्व के पावन अवसर पर घाट की भव्य सजावट और विशेष व्यवस्थाओं का इंतजार है।

टूटे सड़क का छठ से पहले हो निर्माण

नौतन। प्रखंड क्षेत्र के मंगलपुर कला पंचायत व दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के बीच में नवराहीं रोड में बाढ़ के कारण टूटे सड़क की मरम्मती कार्य छठ पूजा से पहले होगा। ताकि छठ व्रतियों को घाट पर जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। सोमवार की दोपहर बाद विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा ओबीसी प्रदेश मंत्री निरज कुमार उर्फ बबलु बीडीओ गिरधारी लाल,पीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने छठ घाट जाने वाले सड़क का जायजा लिया। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि विगत माह आई बाढ़ के पानी से सड़क टुट जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। सड़क की मरम्मती कार्य हो जाने से छठ व्रतियों को घाट पर जाने में सहुलियत मिलेगी। इसके लिए मनरेगा योज्नासे छठ पूजा से पहले सड़क मरम्मती कार्य कराने की जिम्मेदारी पीओ को दी गई। बीडीओ ने बताया कि छठ पूजा से पहले सड़क निर्माण हो जाएगा।इस बीच दर्जनों लोगों मौजूद रहे।

यम पंचक पर पालतू कुत्ता तथा गाय का हुआ पूजन

वाल्मीकिनगर (पचं)। पड़ोसी देश नेपाल में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा एवं यम पंचक अर्थात तिहार बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। रविवार को नेपाल के लोगों के द्वारा अपने घर में पाले गए कुकुर का पूजा तथा सोमवार को गाय का पूजा कर स्वादिष्ट व्यंजन खिला कर तिहार पर्व मनाया गया। त्रिवेणी के ज्योतिषाचार्य जगदीश उपाध्याय ने बताया कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन कुकुर का पूजा कर स्वादिष्ट व्यंजन खिलाने से यमलोक के यात्रा के समय यमराज के पहरेदार के रूप में मूल दरवाजा पर बैठे श्याम और सबल नाम के कुकुर के द्वारा अंदर प्रवेश के लिए सहज रूप से रास्ता छोड़ दिया जाता है। ऐसा धार्मिक विश्वास है। इसके साथ ही कुकुर का पूजा करने से घर में पाले हुए कुकुर को किसी भी तरह का रोग नही लगता है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा एवं यम पंचक के अंतिम दिन गाय को पवित्र मानते हुए पूजा करने की विधि वैदिक सनातन



काल से चली आ रही है। गाय का दूध माता के दूध जितना ही पवित्र माना जाता है। इसलिए गाय को गौ माता के रूप में सम्मान किया जाता है। इसलिए कार्तिक कृष्ण औंसी के अंतिम तथा प्रतिपदा के शुरू में गाय पूजा करने का शास्त्रीय मान्यता है। वैदिक सनातन हिन्दू धर्म में प्रत्येक कार्य में गाय दान करने का भी विधान है।

चौतरवा थानाध्यक्ष ने किया छठ घाट का निरीक्षण

चौतरवा (आससे)। बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चौतरवा थाना पुलिस लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चौतरवा थाना पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। छठ महापर्व के मद्देनजर चौतरवा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान रतवाल, पतिलार मठ, चैनपुर, दुसाधिपट्टी, नदवा पोखर एवं बसवरिया सहित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौतरवा थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वहीं पतिलार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ. अभिषेक मिश्रा जी भी इस दौरान उपस्थित रहे। घाटों की व्यवस्था को लेकर पूजा समितियों से की गई बातचीत निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छठ पूजा समितियों के सदस्यों से बातचीत कर घाटों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। साथ ही घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पूजा समितियों को विशेष रूप से सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने की बात कही गई। छठ पर्व के दौरान घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं व्रतियों की भीड़ जुटती है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा घाटों का निरीक्षण किया गया। पुलिस की ओर से पूजा समितियों से आपसी समन्वय बनाकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की गई।

जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 3 शिकायतें

बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे फरियादियों रेहाना खातून, आदित्य कुमार एवं सतन चौरसिया ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 3 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई कार्यक्रम राज्य सरकार के ''सात निश्चय-3'' के तहत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान कर पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना है।

छठ घाटों का निरीक्षण

लौरिया (संवाद सूत्र)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। पर्व के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। बीडीओ संजीव कुमार और सीओ आशु रंजन ने नगर पंचायत क्षेत्र के रामजानकी मंदिर परिसर, बिशुनपुरवा, धोबनी तथा देऊरवा स्थित घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की भौतिक स्थिति, साफ-सफाई, पहुंच पथ और श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया।

महापौर ने कियाछठ घाटों का निरीक्षण

आस्था, अनुष्ठान और अनूठी सांस्कृतिक परम्परा की गौरवशाली विरासत

बेतिया। नगर निगम क्षेत्र के नव अधिग्रहित वार्डों में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर साफ-सफाई और सजावट का कार्य तेज कर दिया गया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने वार्ड 34 के मुसहरटोली छठ घाट के बाद पुरनी गनौली के छठ घाट तथा वार्ड 45 के पिपरा चौक छठ घाट पर जारी तैयारियों का दल-बल के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि लोक आस्था का छठ महापर्व बिहार की अनूठी सांस्कृतिक परम्परा की गौरवशाली विरासत है।

उन्होंने बताया कि सामाजिक समभाव की अद्भुत मिसाल इस पर्व में शामिल होने के लिए लोग नेम-टेम के साथ देश-विदेश से अपने घर लौटते हैं। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि नगर निगम प्रशासन इस महापर्व को सर्व समाज के लोकोत्सव के रूप में सफल बनाने में सहयोगी की भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने निरीक्षण के समय उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि छठ महापर्व के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में समाज के प्रत्येक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने घाटों की व्यवस्था को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए जनसहयोग और सहभागिता को पर्व की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

पेड़-पौधों के साथ मनायी गयी अनोखी दीपावली

बगहा (आससे)। बगहा, विकास वैभव चौराहा पर गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली की पूर्व संध्या पर एक अनोखी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाने वाली दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम में पेड़ों के नीचे दीप जलाकर प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में बगहा एसडीएम चांदनी कुमारी, एसडीपीओ निहार भूषण, लाइन डीएसपी धर्मेन्द्र कुमार, सशस्त्र सीमा बल 65वीं वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार, सशस्त्र सीमा बल 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर राउत, बगहा नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, महिला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी।

दीवाली पर नेपाल एपीएफ को एसएसबी ने खिलायी मिठाई

वाल्मीकिनगर (पचं)। भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसवी 21 वी वाहिनी गंडक बराज के अधिकारियों के द्वारा पड़ोसी देश नेपाल के सीमा सुरक्षा में तैनात नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के अधिकारियों और जवानों को नो मैंस लैंड गंडक बराज के 18 नंबर फाटक पर रविवार की शाम दोनों देश के बल कर्मी उपस्थित हुए। सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों ने बुराई पर अच्छाई की विजय प्रकाश के पर्व दीपावली के अवसर पर उपहार स्वरूप मिठाई भेंट कर शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। सशस्त्र सीमा बल का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक नरेश प्रसाद और नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स का नेतृत्व कर रहे



निरीक्षक ध्रुव भट्ट और जवानों ने भारतीय अधिकारियों को शुभकामनाएं दी ।एसएसबी के अधिकारी श्री प्रसाद और नेपाल पुलिस के अधिकारी श्री भट्ट ने बताया कि भारत और नेपाल के रिश्ते प्राचीन काल से काफी प्रगाढ़ है ,और इनके बीच बेटी रोटी का संबंध है । दोनों ने आपसी सहयोग से सीमा की सुरक्षा का एक दूसरे को सहयोग देने का आश्वासन दिया ।कंपनी कमांडर श्री प्रसाद ने बताया कि एसएसबी सीमा की सुरक्षा के साथ सीमाई क्षेत्र में वास करने वाले ग्रामीणों के विकास अपनी पहली प्राथमिकता मानता है। एस एस बी गंडक बैराज के निरीक्षक नरेश प्रसाद के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी और जवानों के द्वारा नेपाल पुलिस को दीपावली के अवसर पर मिठाई भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी, जवान और नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के के अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

दीपावली पर देर रात तक छूटते रहे पटाखे

लौरिया (संवाद सूत्र)। प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश और खुशियों का महापर्व दीपावली हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। लोगों ने अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया तथा शाम होते ही लोग मिट्टी के दिए, मोमबत्तियां और रंग-बिरंगी झालर लाइटें जलाकर खुशियां मनाईं। दीपावली को लेकर सुबह से ही बाजारों में काफी भीड़ और चहल-पहल देखने को मिली। लोगों ने मिठाइयों, फल-फूल, पूजा सामग्री और सजावट के सामानों की जमकर खरीदारी की। शाम को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

प्राचार्य अरविंद तिवारी की निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर

बगहा (आससे)। पंडित उमाशंकर त्रिपाठी महिला महाविद्यालय बनकटवा, बगहा के प्राचार्य डॉ अरविंद तिवारी और चंपारण के सम्मानित समाज सेवक, महिला शिक्षा के लिए जागरूक का जनसेवक का रविवार को निधन हो गया है। वे एक बेहद ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। शिक्षा जगत से लेकर समाज सेवा तक उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। नगर के बुद्धिजीवी समाज सेवी और शिक्षा जगत के लोगों ने कहा कि डॉ डॉ अरविंद तिवारी का जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। नगर के बुद्धिजीवी समाजसेवी जनप्रतिनिधियों जिनमे वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी प्रवेश कुमार मिश्र, बगहा विधायक राम सिंह, वाल्मीकि नगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, डॉ शकील



मोईन, जयकुमार प्रसाद, अखिलेश्वर नाथ त्रिपाठी, डॉ रविकेश मिश्रा, पंडित भारत उपाध्याय, भुवनेश्वर पाठक, जैनेंद्र सिंह, आनंद कनोडिया, प्रहलाद शारफ।

गन्ने की खेत मे लगी आग, किसान को हुआ भारी नुकसान

भारी मशक्कत से आग पर पाया गया काबू

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर एक मे दिन रविवार को दोपहर बारह बजे अवधेश प्रसाद पिता करीमन महतो के गन्ने के खेत मे अचानक आग लग गया, जिसमे किसान अवधेश प्रसाद को गन्ने की फसल जलने से भारी नुकशान हुआ है वही अवधेश प्रसाद के छोटे भाई अनिल प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के दिन हम लोग त्यौहार को लेकर घर मे साफ सफाई का कार्य कर रहे थे कि मेरे घर से उत्तर दिशा मे लगभग 500मीटर की दुरी पर स्थित मेरे गन्ने के खेत मे धुआं उठना शुरू हुआ जिसको देख आस पास के ग्रामीणों द्वारा हो हल्ला हुआ जिसको सुन आनन फानन मे दौड़कर खेल मे पंहुचा तो देखा की मेरे गन्ने के खेत से आग की लपटे निकल रही है 7जहाँ साथ मे गांव के बहुत से ग्रामीण पंहुच गए और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे बहुत प्रयास करने के बाद आग पर काबू पाया गया तबतक लगभग पांच कट्ठा गन्ना जलकर खाक हो गया 7 वही उन्होंने बताया कि मौके पर आपातकालीन 112पुलिस सेवा दल और अग्निशमन की गाड़ी मौजूद रही 7किसान अनिल प्रसाद ने बताया कि हम लोग का मात्र एक यही गन्ने की फ़सल का खेत था जिसमे आग लगने से हमको लगभग पचास हजार रूपये की क्षति होता नजर आ रहा है किसान अनिल प्रसाद से आग लगने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि हम लोगो की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है तो हमको किसी पर सक नहीं है।

मातृत्व सुरक्षा अभियान में 57 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

मधुबनी (पश्चिम चंपारण)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को मधुबनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 57 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।शिविर में गर्भावस्था के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं की समय पर पहचान, सुरक्षित प्रसव और मां-बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा चिकित्सकों की सलाह का पालन करने की जानकारी दी। नियमित जांच से गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी में मदद मिलती है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

शांति और सद्भाव के माहौल में मनी प्रकाश पर्व दीवाली

वाल्मीकि नगर (पचं)। वाल्मीकिनगर क्षेत्र में प्रकाश का पर्व दीपावली इको फ्रेंडली प्रदूषण मुक्त माहौल में लोगों ने मनाने का निर्णय लिया था। जिसे रविवार की शाम दीपावली पर्व पर लोगों ने चरितार्थ कर दिया । लोगों ने अपने घरों दुकानों और प्रतिष्ठानों पर रंग बिरंगी बिजली की झालर लगाकर दीपावली पर्व को मनाया। वहीं लोगों ने अपने बच्चों को और खुद भी तेज आवाज पैदा करने वाले पटाखों के साथ ज्यादा धुआं प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से भी खुद को दूर रखा। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के युवा और लोकप्रिय पूर्व विधायक रिंकू सिंह उर्फ धीरेंद्र प्रताप सिंह ने दुरभाष पर बताया कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम दीप जलाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। किंतु इस पर्व में पटाखों और दीयों से काफी प्रदूषण होता था जिसे आज अपने स्वास्थ्य को गंभीरता से लेता हुआ प्रत्येक व्यक्ति इन से दूर रहने का प्रयास कर रहा है। वाल्मीकि नगर की क्षेत्र की जनता ने प्रदूषण मुक्त दीपावली त्यौहार को मना कर अभूतपूर्व कार्य किया है जो काफी सराहनीय है। वहीं दीपावली पर्व के अवसर पर वाल्मीकि नगर गंडक बराज पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों और जवानों ने दीप जलाकर दीपावली मनाई। बाल्मीकि नगर पुलिस प्रशासन थाना अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में पूरी तरह चौकस दिखी ।पुलिस पूरी रात गश्त लगाती रही। जिस कारण दीपावली पर्व के अवसर पर जुआरियों पर पुलिस लगाम लगाने में सफल रही।